हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
6 अप्रैल 2026, समय 18:10

- केंद्र सरकार ने आश्वस्त किया, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच देश में खाद्यानन का पर्याप्त भंडार मौजूद ,जरूरी चीजों की कीमतों में कोई असामान्य उतार -चढ़ाव नहीं ।

- केन्द्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा, गैस आपूर्ति की लगातार निगरानी जारी ।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम ज़िले में जन समस्याओ का समाधान किया ।

- भारत के उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृषणन ने कहा, सर दीनबंधु छोटू राम ने देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

- भारतीय जनता पार्टी ने आज अपना 47वां स्थापना दिवस मनाया ।

और

- हरियाणा में अनुबंध आधार पर 195 विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती की जाएगी ।

**********************************************************************

केंद्र सरकार ने आज भरोसा दिलाया कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच देश में खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार मौजूद है। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर हुई अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, उपभोक्ता मामले विभाग के अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा कि जरूरी चीज़ों की कीमतों में कोई असामान्य उतार-चढ़ाव नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में दालों का उत्पादन पिछले साल की तुलना में ज़्यादा है। श्री मिश्रा ने कहा कि सरकार चीजों की कीमतों और आपूर्ति पर नज़र रख रही है।

सार्वजनिक वितरण विभाग की संयुक्त सचिव, सी. शिखा ने कहा कि देश में गेहूं और चावल, दोनों का पर्याप्त बफर स्टॉक मौजूद है। उन्होंने कहा कि खाने के तेल और चीनी की आपूर्ति की स्थिति भी संतोषजनक है, और कुल मिलाकर महंगाई नियंत्रण में है।

बंदरगाह, जहाज़रानी और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, मुकेश मंगल ने कहा कि पिछले दो दिनों में, LPG ले जा रहे भारत के झंडे वाले दो जहाज़ - 'ग्रीन संघवी' और 'ग्रीन आशा' - होर्मुज़ जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से गुज़र गए हैं।

**********************************************************************

केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव, सुजाता शर्मा ने कहा कि रसोई गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद है। आज अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि हर दिन लगभग 50 लाख LPG सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बुकिंग का स्तर रिकॉर्ड 97 प्रतिशत तक पहुँच गया है अब गैस की लगभग 90 प्रतिशत आपूर्ति OTP के ज़रिए की जा रही है।

सुश्री सुजाता शर्मा ने कहा कि गैस आपूर्ति की लगातार निगरानी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि घर के पते का प्रमाण न होने पर भी 5 किलोग्राम गैस के सिलेंडर दिए जा रहे हैं।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट

निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता की और जन समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कुल 15 परिवाद रखे गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शेष परिवादों के शीघ्र एवं संतोषजनक समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

***********************************************************************

भारत के उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सर दीनबंधु छोटूराम ने किसानों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया और उनके सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उपराष्ट्रपति हरियाणा के सोनीपत स्थित दीनबंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के 8वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नवाचार, आत्मविश्वास और स्वदेशी समाधानों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे उभरते क्षेत्रों की चर्चा करते हुए छात्रों से इन्हें जिम्मेदारी के साथ अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

***********************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने आज जींद में विश्वविद्यालय के कुलपति और अधिकारियों के साथ विभिन्न प्रशासनिक और विकासात्मक विषयों पर अनौपचारिक चर्चा की।

पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल ने बताया-

राज्यपाल ने बताया कि अधिकारियों द्वारा उन्हें अवगत कराया गया है कि पानी की कमी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की मौजूदा परिस्थितियों और समस्याओं को गहराई से समझते हुए उनके प्रभावी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

*************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी आज अपना 47वां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर रेवाड़ी में आयोजित 'बस्ती चलो अभियान' कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है।

राव इंद्रजीत सिंह ने अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इस युद्ध के बाद विश्व की एक नई रूपरेखा बनेगी और भारत इस युद्ध के संभावित प्रभावों और नुकसान से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर भाजपा के कई पदाधिकारी और क्षेत्र के विधायक मौजूद रहे।

*************************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने घोषणा की है कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए 195 पदों पर अनुबंध आधार पर भर्ती की जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि यह भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट आधारित होगी। उन्होंने बताया कि नूह जिला को छोड़कर अन्य जिलों के लिए चयनित विशेषज्ञ डॉक्टरों में

एमबीबीएस एवं डिप्लोमा की योग्यता वाले विशेषज्ञ डॉक्टरों को एक लाख रूपये प्रति महीना तथा एमबीबीएस एवं एमडी /एमएस /डीएनबी योग्यता वाले विशेषज्ञ डॉक्टरों को डेढ़ लाख रूपये प्रति महीना दिया जाएगा।

*********************************************************************

पलवल जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की तत्परता और मुस्तैदी से आज पलवल की धर्म नगर कॉलोनी की झुग्गी-झोपडियों में लगी आग पर जल्द काबू पा लिया गया।

*********************************************************************

हरियाणा सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत सभी न्यायालयों तथा सभी राजस्व न्यायालयों में समन जारी करने और उनकी तामील के लिए ई-समन प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी एक पत्र में सभी प्रशासनिक सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने प्रशासनिक नियंत्रण में आने वाले न्यायालयों और प्राधिकरणों को ई-समन प्रणाली का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के निर्देश जारी करें। साथ ही, राज्य के सभी राजस्व न्यायालयों को भी इस प्रणाली को अपनाने और इसका कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मामलों के निपटान में तेजी लाई जा सके।

*********************************************************************